**Fourteenth Loksabha**

**Session : 6**
**Date : 29-11-2005**
**Participants : Barad Shri Jasubhai Dhanbhai**

>

Title : Need to grant permission by Railway Authorities for laying electirc cables and pipelines for supplying water under ‘Jyoti Gram Yojna’ in Junagarh, Amreli and Porbandar districts in Gujarat.

**श्री जसुभाई धानाभाई बारड़ (जूनागढ़)** : गुजरात राज्य में ज्योति ग्राम योजना के अंतर्गत प्रत्येक गांव में चौबीस घंटे बिजली देने की योजना गुजरात बिजली बोर्ड के द्वारा पूरी की जा रही है और इसी तरह नर्मदा नदी जल विभाग के द्वारा पीने का पानी उपलब्ध कराये जाने की योजना भी चल रही है, लेकिन गुजरात राज्य के तीन जिलों जूनागढ़, अमरेली और पोरबन्दर में ज्योति ग्राम योजना के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाएं वहां के निवासियों को नहीं मिल पा रही हैं।

इन सभी सुविधाओं के कार्य रेलवे विभाग की वजह से रूके हैं, रेलवे विभाग रेलवे लाइन के ऊपर और नीचे से बिजली की तार ( केबल ) और पानी की पाइप लाइन डालने की अनुमति नहीं दे रहा है।

अगर किसी किसान के खेतों के बीच में से रेलवे लाइन जा रही है, तो उसे अपने एक खेत से दूसरे खेत में पानी की पाईप लाइन डालने की भी अनुमति नहीं दी जाती है।

इन सभी कार्यों के लिए गुजरात बिजली बोर्ड और नर्मदा जल वितरण विभाग रेलवे विभाग से काफी लम्बे समय से अनुमति मांग रहा है, लेकिन अभी तक कोई भी उचित कार्यवाही नहीं हुई है।

मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि समय सीमा को ध्यान में रखते हुए इन सभी कार्य के लिए उचित और जल्दी से जल्दी अनुमति दी जाए ।